दिनांकः 19.12.2024 समय : 18.30 पीएम

# आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेषिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर का सम्मान नहीं किया।
- जल शक्ति मंत्रालय ने राज्यों को ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के काम में तेजी लाने को कहा।
- प्रदेशभर में आज से सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांवों की ओर अभियान में जनसुनवाई की शुरूआत।
- मौसम विभाग ने आगामी दो सप्ताह के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी किया–25 दिसम्बर से राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश की संभावना।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के अंत्योदय के विचार को लेकर चलती है। आज अपने दिल्ली प्रवास के दौरान श्री शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब हमेशा दलित, पिछडे वर्ग और अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के उत्थान की बात करते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा बाबासाहेब के दिखाए रास्ते पर आगे चल रही है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह जी की बात से कांग्रेस तिलमिला गई है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने बाबासाहेब आम्बेडकर का कभी सम्मान नहीं किया। मुख्यमंत्री ने बाबासाहेब के कैबिनेट से इस्तीफा देने, उन्हें कांग्रेस द्वारा टिकट नहीं दिये जाने सहित कई मुद्दों पर सवाल उठाए। श्री शर्मा ने कहा कि पंचतीर्थों के विकास का काम कांग्रेस ने क्यों नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबासाहेब के पंचतीर्थों का निर्माण कर उनके योगदान को देश के सामने रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने दलित परिवार से आने वाले रामनाथ कोविंद तथा आदिवासी समाज से आने वाली नेता द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद पर आसीन किया। देश के विभिन्न राज्यों में भाजपा की प्रत्येक सरकार बाबासाहेब के विचारों को आगे बढ़ा रही है तथा देश बाबासाहेब के संविधान के हिसाब से ही चलेगा।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आज जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संसद की कार्यवाही में बाधा डालना, बाबा साहेब का

अपमान करना और जनप्रतिनिधियों के साथ अशोभनीय बरताव करना भाजपा के अलोकतांत्रिक रवैये को दर्शाता है।

000

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा है कि सरकार उन राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है, जहां अभी तक ग्रामीण घरों में शत प्रतिशत नल कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में श्री पाटिल ने कहा कि अभी भी चार करोड़ घर ऐसे हैं, जहां नलों के जरिए पानी नहीं पहुंच रहा है। मंत्रालय ने संबंधित राज्यों के साथ चर्चा कर, नल कनेक्शन उपलब्ध कराने में तेजी लाने का आग्रह किया है। जल जीवन मिशन के बारे में बात करते हुए श्री पाटिल ने कहा कि इस मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा मिलने के साथ पलायन भी घटा है।

000

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन को आगे बढाया है। आज जयपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेन्स में डॉ. बैरवा ने कहा कि प्रदेश को आगे बढाने के दृष्टिकोण के साथ राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले साल में काम किया है। उन्होंने बताया कि 9 से 11 दिसम्बर तक राइजिंग राजस्थान का आयोजन भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान में हुए एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए सरकार सभी प्रयास कर रही है और इस बारे में आगे की कार्यवाही शुरू हो गई है।

...............

000

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में खाली पदों के लिए उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। वॉर्डों के पार्षद के उपचुनाव के अलावा बांसवाडा जिले की कुशलगढ़ नगरपालिका, हनुमानगढ जिले में पीलीबंगा और सीकर जिले में रींगस नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव होगा। उपचुनाव के लिए अधिसूचना 26 दिसम्बर को जारी की जाएगी और उम्मीदवार 30 दिसम्बर तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। मतदान आगामी 9 जनवरी को होगा और मतगणना 10 जनवरी को होगी। अध्यक्ष पदों पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना 13 जनवरी को जारी होगी।

000

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने आज जयपुर के राजकीय रामचन्द्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का लोकार्पण किया। इस अवसर पर डॉ. बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देकर रोजगार के ज्यादा से ज्यादा

अवसर उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस कौशल विकास केन्द्र के माध्यम से विद्यार्थी अपने हुनर को बढाकर खुद को भविष्य के लिए तैयार कर सकेंगे।

000

राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. मधुकर गुप्ता को ग्लोबल इलेक्टोरल मैनेजमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें पारदर्शी, समावेशी और गुणवत्ता पूर्ण चुनाव प्रबंधन में असाधारण योगदान देने के लिए दिया गया है। डॉ. गुप्ता को यह पुरस्कार डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सैंटो डोमिंगो में आयोजित 20वें इंटरनेशनल इलेक्टोरल अवार्ड एंड सिम्पोजियम में दिया गया है।

000

प्रदेशभर में आज से सुशासन सप्ताह की शुरूआत हुई। इसके तहत प्रशासन गांवों की ओर अभियान चलाया जा रहा है। 24 दिसम्बर तक चलने इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन को बढ़ावा देना और लोगों की समस्याओं का जल्द निपटारा करना है। इस दौरान पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविर लगाकर लोगों की शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। इसी क्रम में केकड़ी में आयोजित शिविर में अतिक्रमण, सड़क, पेयजल, पेंशन, और भूमि विवाद जैसे मामलों पर जनसुनवाई की गई। जिला कलेक्टर श्वेता चौहान ने अधिकारियों को पेयजल और पेंशन जैसी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। अजमेर की जवाजा पंचायत समिति और भीलवाड़ा की सुवाणा पंचायत समिति पर जनसुनवाई हुई। जयपुर, चित्तौड़गढ़ और झालावाड में जिला कलेक्टरों ने जनसुनवाई की।

000

चिकित्सा विभाग की ओर से आज पूरे प्रदेश में वीडियो कॉल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्यकर्मियों से संवाद किया गया। विभाग की प्रमुख शासन सचिव से लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों ने गांव–ढाणी तक स्वास्थ्य केंद्रों पर मां–बच्चे की सेहत सहित अन्य सेवाओं का वीडियो कॉल के माध्यम से हाल जाना और आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बांसवाड़ा जिले के आनंदपुरी, ब्यावर के जवाजा, अलवर के थानागाजी तथा झालावाड़ सहित अन्य स्थानों पर वीडियो कॉल कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जांची। उन्होंने बीसीएमओ, चिकित्सा संस्थानों पर कार्यरत चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों से बात भी की।
संवाद के दौरान श्रीमती राठौड़ ने मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के तहत संस्थागत प्रसव और टीकाकरण सहित विभिन्न मानकों की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा इन्हें और बेहतर करने के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव

ने चिकित्सा अधिकारियों से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों के आयोजन और इनमें उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के बारे में भी जानकारी ली।

000

राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जी.आर. मूलचन्दानी ने आज झालावाड़ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिला कारागृह का निरीक्षण किया और वहां बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बंदियों से कहा कि यदि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी होती है, तो वे उन्हें बता सकते हैं, आयोग उसका समाधान करेगा।

000

राज्य में पुलिस ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत पुलिस के "राजकॉप सिटीजन एप" के ज़िलेवार डेमो की शुरुआत नए साल के पहले सप्ताह से होगी। इस एप में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए 'नीड हेल्प' नाम का फ़ीचर जोड़ा गया है। पेश है एक रिपोर्ट –

..............

000

मौसम विभाग ने आगामी दो सप्ताह के लिए मौसम पूर्वानुमान जारी करते हुए 25 दिसम्बर से कहीं–कहीं बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से दक्षिण–पूर्वी राजस्थान में जबकि 26 और 27 दिसम्बर को उदयपुर, अजमेर, कोटा, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। इसके बाद के सप्ताह में राज्य के अधिकांश स्थानों पर सामान्य से अधिक बरसात हो सकती है। हालांकि इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य के आस–पास ही दर्ज होगा। विभाग ने आगामी 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री गिरावट की संभावना व्यक्त की है। इसके बाद न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री कम रहने तथा कहीं–कहीं शीत लहर चलने के भी आसार हैं। इस बीच आज प्रदेश में न्यूनतम तापमान में मामूली बढोतरी दर्ज की गई।

000